तारीख हुक्म	हुक्म या कार्यवाही मय इनिशियल जज मनफूलसिंह बनाम लो.सू.अ.(तहसीलदार बाप) सू.अ.अ. अपील संख्या 04/2021	नं0 व तारीख अहकाम जो इस हुक्म की तामील में जारी हुए
01.03.21	अपीलार्थी मनफूलसिंह पुत्र हनुमानाराम, पता जालोड़ा तहसील लोहावट जिला जोधपुर ने सूचना का अधिकार के तहत प्रार्थना--पत्र दिनांक 26.11.2020 में उसके द्वारा (1) ग्राम राणेरी पटवार मण्डल राणेरी तहसील बाप के सरकारी खाता सं0 पुराना 153 व नया खाता सं0 167 में किस किस खसरे में किस किस को भूमि आवंटन की गई है सभी प्रकरणों का प्रमाणित रिकॉर्ड उपलब्ध कराने व अन्य बिन्दुओं, से संबंधित सूचना के लिए लोक सूचना अधिकारी (तहसीलदार बाप) को प्रेषित किया गया तथा उक्त लोक सूचना अधिकारी द्वारा सूचना नहीं दी गई, जिससे व्यथित होकर यह अपील पेश हुई। अपील दर्ज रजिस्टर कर रेस्पो.पक्ष (तहसीलदार बाप) से तथ्यात्मक रिपोर्ट मांगी गई। हमने पत्रावली का अवलोकन किया। रेस्पो.पक्ष (तहसीलदार बाप) से आदिनांक तक तथ्यात्मक रिपोर्ट प्राप्त नहीं हुई। अतः अपील स्वीकार की जाती है तथा लोक सूचना अधिकारी (तहसीलदार बाप) को निर्देशित किया जाता है कि संबंधित सूचना अपीलार्थी को 15 दिवस में उपलब्ध करावे, अन्यथा सूचना नहीं दिये जाने के कारणों से प्रार्थी को अवगत कराया जाय। आदेश की प्रति संबंधित को सूचनार्थ एवं पालनार्थ प्रेषित हो। आदेश सुनाया गया।	